# सफलता की मिसाल है नारी शक्ति : रेणू भाटिया

## कहा- भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान सदैव रहा ऊंचा



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हकृवि में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद नारी-नारायणी फाउंडेशन की सदस्य • जागरण

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय एवं नारी नारायणी फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणू भाटिया मुख्य अतिथि जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि रेणू भाटिया ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और समाज के विकास में उनके योगदान को स्मरण करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति महिलाओं की समान भागीदारी के बिना संभव नहीं है। महिलाएं केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण शक्ति भी हैं। आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, कृषि, राजनीति, प्रशासन, खेल और उद्योग जैसे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में भी नारी को सदैव उच्च स्थान दिया गया है। समाज में कहा गया है कि जहां नारी का सम्मान होता है। वहां देवताओं का वास होता है। इसलिए महिलाओं को शिक्षा, समान अवसर और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं। विशिष्ट अतिथि संतोष ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के विकास से जुड़ा हुआ है।

### 251 महिलाओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम में 251 महिलाओं को सम्मानित किया गया। पूनम नागपाल ने बताया कि इनमें फाउंडेशन की 180 महिलाएं मौजूद रहीं। इसके अलावा 50 महिलाएं जिनमें स्कूल प्रिंसिपल सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को गेस्ट आफ आनर के तौर पर सम्मानित किया गया। ब्यूटीशियन स्नेहा मित्तल, डा. कमल गुप्ता की पत्नी डा. प्रतिमा गुप्ता, शिक्षिका ममता चंद्राकर, रेणू मंगल, मोनिका ललित, जीवन ज्योत, सुनीता शर्मा, योगा ट्रेनर अंजू सोनी, वीना भंडारी, उषा ठकराल, अनीशा कंसल, आर्किटेक्ट सीमा बेनीवाल व एचएयू से भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया।

## जिस घर में नारी का सम्मान होता वहां देवता करते हैं वास

# खिलाड़ियों की 101 माताओं को किया सम्मानित

जागरण संवाददाता • हिसार : सूरजसेवा फाउंडेशन की ओर से रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डीएन कालेज रोड स्थित नारायणी देवी सेवा सदन में वीर माता डा. रमा कांता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि 70 से अधिक पुस्तकों की लेखिका व कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित डा. रमाकांता शर्मा व उनके पति एमडीयू रोहतक से युवा कल्याण पूर्व निदेशक जनार्दन शर्मा उपस्थित रहे।

डा. रमाकांता शर्मा ने अपने करियर बारे में जानकारी साझा की, साथ ही युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सूरज सेवा फाउंडेशन की ओर से इस वर्ष कराटे खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की 101 माताओं को सम्मानित किया गया।

### फाउंडेशन लड़कियों को निश्शुल्क सिखा रहा कराटे : हरीश

सूरजसेवा फाउंडेशन के निदेशक हरीश सिराधना ने बताया कि वीर माता सम्मान समारोह का यह तीसरा आयोजन है। संस्था अब तक 50,000 से अधिक लड़कियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दे चुकी है। उन्होंने शहरवासियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, खिलाड़ियों और अभिभावकों से इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बेटियों के सम्मान और महिला सशक्तिकरण के इस अभियान को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

समारोह के दौरान राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता आजादो देवी, हरियाणा पुलिस सब-इंस्पेक्टर ममता, महिला उद्यमी, हरियाणवी फिल्म चंद्रावल और गुलाबो की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री रेखा वर्मा सरीन, हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के राज्य प्रेस प्रवक्ता एवं हाईफा के सदस्य विनय वर्मा सहित कई लोगों को सम्मानित किया।

**इन स्कूलों के प्राचार्यों को किया सम्मानित :** कार्यक्रम में स्प्रिंगवैल स्कूल की प्रिंसिपल तनु अग्रवाल, टोहाना के बजरंग माडल स्कूल से अंजू वर्मा, हिसार योग सीनियर स्कूल से अंजू बाला, शाहपुर के श्री पींपासर सीनियर सेकेंडरी स्कूल से ललिता शर्मा, बीएस माडर्न स्कूल से मंजू गांधी, भूना की साइंस स्टार डिफेंस एंड स्पोर्ट्स एकेडमी से मनप्रीत कौर, लिटल मंचकिंग प्ले स्कूल से प्रिंसिपल पुनीत, मिलेनियम पब्लिक स्कूल से रूबिका खेड़ा और श्रीराम आइडियल स्कूल से रूचिका गोयल को सम्मानित किया गया।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारायणी देवी सेवा सदन में वीरांगना कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करते आयोजक • जागरण

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 9-3-26 | 03 | 1-3 |

### एचएयू में महिला दिवस पर कार्यक्रम, मुख्यातिथि रेणू भाटिया बोलीं

# समाज व राष्ट्र की प्रगति महिलाओं की समान भागेदारी के बिना संभव नहीं है

भास्कर न्यूज़ | हिसार



हकृवि सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढ़ींगड़ा मुख्य अतिथि रेणु भाटिया को सम्मानित करते हुए।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान कॉलेज एवं नारी नारायणी फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से किया। इसमें हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया मुख्य अतिथि जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि रेणु भाटिया ने कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति महिलाओं की समान भागीदारी के बिना संभव नहीं है। महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, कृषि, राजनीति, प्रशासन, खेल और उद्योग जैसे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं।

विशिष्ट अतिथि संतोष कुमारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के विकास से जुड़ा हुआ है। जब महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर होती हैं, तो वे अपने परिवार, समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस अवसर पर डॉ. नीलम रोज ने तथा डॉ. वीनू सांगवान ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन साक्षी मलिक और पूनम नागपाल ने किया। इस अवसर पर 251 महिलाओं को सम्मानित किया। इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढ़ींगड़ा, नारी नारायणी फाउंडेशन की अध्यक्ष ममता चद्राकर सहित मोनिका, जीवन ज्योत, अंजू सोनी, अनीता, सुनीता आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 9-3-26 | 03 | 6-8 |

# नारी शक्ति संघर्ष, समर्पण और सफलता की मिसाल: रेणु भाटिया

हिसार, 8 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय एवं नारी नारायणी फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया मुख्य अतिथि जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि रेणु भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और समाज के विकास में उनके योगदान को स्मरण करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

उन्होंने कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति महिलाओं की समान भागीदारी के बिना संभव नहीं है। महिलाएं केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण शक्ति भी हैं।

आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, कृषि, राजनीति, प्रशासन, खेल और उद्योग जैसे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं।




*कार्यक्रम को मुख्य अतिथि रेणु भाटिया संबोधित करते हुए।*

## महिलाओं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना बहुत जरूरी: संतोष कुमारी

विशिष्ट अतिथि संतोष कुमारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के विकास से जुड़ा हुआ है।

जब महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर होती हैं, तो वे अपने परिवार, समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम महिलाओं के सम्मान, समान अधिकार और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करेंगे और ऐसी सामाजिक व्यवस्था का निर्माण करेंगे जहां महिलाएं बिना किसी भेदभाव के अपने सपनों को पूरा कर सकें। इस अवसर पर डॉ नीलम रोज ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा डॉ वीनू सांगवान ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

कार्यक्रम में मंच संचालन साक्षी मलिक और पूनम ने किया। इस अवसर पर इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ अतुल ढींगड़ा, नारी नारायणी फाउंडेशन की अध्यक्ष ममता चंद्राकर सहित मोनिका, जीवन ज्योत, अंजू सोनी, अनीता, सुनीता आदि मौजूद रहें।